जयपुर विकास प्राधिकरण,जयपुर।

भवन मानचित्र समिति(ले आउट प्लान) की 58वीं बैठक दिनांक 07-2-2004 को सायं 5.00 बजे आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, का कार्यवाही विवरण :-

---

बैठक में समिति के निम्न सदस्यों ने भाग लिया-

1. श्री डी.आर.मीणा, कार्यवाहक सचिव, जविप्रा, जयपुर।
2. श्री एस.सी. महागांवकर, निदेशक(आयोजना)जविप्रा, जयपुर।
3. श्री ए.एन. भार्गव, वरिष्ठ नगर नियोजक(बीपीसी)जविप्रा, जयपुर।

बैठक में निम्न अधिकारी भी उपस्थित थे-

1. श्रीमती सुषमा अरोडा, उपायुक्त, जोन-8, जविप्रा, जयपुर।
2. श्री मुकेश मित्तल, उप नगर नियोजक(बीपीसी)जविप्रा, जयपुर।
3. श्री गोपाल सैनी, सहायक नगर नियोजक, जोन-8,जविप्रा, जयपुर।

एजेण्डा विवरण:-

1. एजेण्डा सं0 1 :- निजी खातेदारी योजना सीताराम विहार, ग्राम गणपतपुरा, तहसील सांगानेर के अनुमोदन बाबत।

   निर्णय :- प्रकरण पृथ्वीराज नगर से संबंधित है। अत: उपायुक्त जोन 8 के निर्देश दिये गए कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा जारी स्थगन आदेश के संदर्भ में निम्नांकित की जांच करे कि:-

   1. क्या पृथ्वीराज नगर हेतु अवाप्त क्षेत्र व मास्टर विकास योजना 2011 के भू-उपयोग मानचित्र में दर्शित पृथ्वीराज नगर क्षेत्र एक ही है। क्या राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना भू-उपयोग मानचित्र में दर्शित पृथ्वीराज नगर के सम्पूर्ण क्षेत्र के लिये थी। यदि अंतर है तो क्या?
   2. माननीय उच्च न्यायालय का स्थगन आदेश कितने क्षेत्र पर लागू है।

   उपरोक्त जांच के पश्चात प्ररकण को पुन: बैठक में रखा जावें।

2. एजेण्डा सं0 2 :- निजी खातेदारी योजना भास्कर एन्कलेव-II , ग्राम मानपुर देवरी उर्फ गोल्यावास, तहसील सांगानेर के अनुमोदन बाबत।

   निर्णय :- प्रकरण पृथ्वीराज नगर से संबंधित है। अत: एजेण्डा सख्या-1 के निर्णयानुसार ही जाचँ कर पुन: समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

3. एजेण्डा सं0 3 :- निजी खातेदारी की आवासीय योजना पटेलनगर के अनुमोदन बाबत।

   निर्णय :- प्रकरण पृथ्वीराज नगर से संबंधित है। अत: एजेण्डा सख्या-1 के निर्णयानुसार ही जाचँ कर पुन: समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ सम्पन्न हुई।

सदस्य सचिव,
भवन मानचित्र समिति (ले-आउट प्लान)
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

क्रमांक :- जविप्रा/वननि/बी.पी.सी./2004/डी- 41
दिनांक :- 23/2/04

प्रतिलिपि :- निम्न को प्रेषित है।

1. वरिष्ठ निजी सचिव, आयुक्त, जविप्रा, जयपुर।
2. निजी सचिव, सचिव, जविप्रा, जयपुर।
3. निदेशक (आयोजना), जविप्रा, जयपुर।
4. अतिरिक्त आयुक्त भूमि (पूर्व/पश्चिम), जविप्रा, जयपुर।
5. वरिष्ठ नगर नियोजक (एम.पी./प्रोजेक्ट), जविप्रा, जयपुर।
6. उपायुक्त जोन 8, जविप्रा, जयपुर।
7. जनसम्पर्क अधिकारी, जविप्रा, जयपुर।

सदस्य सचिव,
भवन मानचित्र समिति (ले-आउट प्लान)
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।